where the price negotiations have been completed and we are exam finally, these papers to prepare a Note for the Cabinet Committe Security and have this matter resolved once and for all.

SHRI S. AGNIRAJ: Is any proposal to manufacture the tra aircraft in HAL or in any other company in the country? I would like to know from the hon. Minister whether any such proposal is pending before the Government.

SHRI GEORGE FERNANDES: The HAL has produced an intermediate jet trainer and it is a matter of time before it gets inducted into the force. We are flying it in the Aero India in February, 2003.

श्री सतीश प्रधान: मैडम, मैं सिर्फ एक ही बात जानना चाहूंगा कि यह ट्रेनर हवाई जहाज लेने में बहुत देरी हो रही है, हर समय हमें बताया जाता है कि उसका टैस्ट चल रहा है, कहां से लेना है, इस विषय पर जांच चल रही है। किसी डिसकशन के समय या सवाल के समय हमें यही उत्तर बार-बार सदन में बताया जाता है, लेकिन इसका निर्णय कई सालों से हो नहीं रहा है। इसकी वजह से ये ट्रेनिंग हवाई जहाज लिए नहीं जाते। फिर इसके परिणामस्वरूप जब एक्सीडेंट होता है तो उसके बाद यही विषय बार-बार चर्चा के लिए आता है। क्या माननीय मंत्री जी इस विषय पर सवि... कुछ बता सकेंगे?

श्री जार्ज फर्नांडिस: उपसभापति जी, माननीय सदस्य की जो चिंता है वह बिलकुल दुर... और मुझे भी अफसोस है कि 1982 में शुरू हुआ यह काम अभी तक हम लोग पूरा नहीं कर... हैं, लेकिन जैसे कि मैंने पहले बताया अब हम लोग एक ऐसे मोड़ पर हैं जहां प्राइस नेगोशि... कमेटी की रिपोर्ट आ गई है और अब कैबिनेट कमेटी के सामने जाने की तैयारी हो गई है... विश्वास है कि जैसे ही कैबिनेट कमेटी ऑन सेक्युरिटी के सामने यह मामला जाएगा तो इस... निर्णय हो जाएगा और उस में अब कोई विशेष समय की जरूरत नहीं होगी, लेकिन जैसे मैंने मूल प्रश्न के उत्तर में कहा, इस बारे में कोई समय बांधना मेरे लिए ठीक नहीं होगा।

***222.** *[The questioners (SHRI SURESH KALMADI and SHRI KARNENDO BHATTACHARJEE were absent for answer vide pages 25—29.]*

### Jai Prakash Rozgar Guarantee Yojana

*223. SHRI K. NATWAR SINGH:
DR. T. SUBBARAMI REDDY:†

Will the Minister of RURAL DEVELOPMENT be pleased to state:

†The question was actually asked on the floor of the House by Dr. T. Subbarami Reddy.

(a) whether a Rs. 5,000 crore employment guarantee scheme known as Jai Prakash Rozgar Guarantee Yojana, in 130 most-backward districts of the country, will be launched this year;

(b) if so, the details of the scheme;

(c) whether a task force was set up by Government for selection of the districts to be included in the said scheme;

(d) if so, what are the names of the districts selected; and

(e) by when the work on this scheme is likely to be started?

THE MINISTER OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI SHANTA KUMAR) : (a) to (e) The Statement is laid on the Table of the House.

***Statement***

In his Budget Speech 2002-03 the Finance Minister announced to launch the Jai Prakash Rozgar Guarantee Yojana (JPRGY) to provide employment guarantee to the unemployed in the most distressed districts of the country. A Task Force was set up under the chairmanship of the Minister of Rural Development, to design and implement the programme for employment generation in the districts. The Task Force had submitted its report. On the basis of the report of the Task Force the scheme is being formulated in consultation with the other concerned Ministries/ Departments.

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Madam, on 19th October, 2002, the hon. Minister had announced that they were going to have a new scheme, namely, the Jai Prakash Rozgar Guarantee Yojana; and, they were going to have Rs. 5,000 crores every year during the Five Year Plan. Are they going to implement this scheme directly in all the 141 districts, as mentioned by him, recently? Will they ask the States to identify the districts where the scheme has to be implemented? He had assured that his scheme would be implemented within two months' time. Now, we are already in the first week of December. So, I would like to know from the hon. Minister whether he is in a position to start the scheme, now.

Secondly, the hon. Minister if trying to get 1800 million dollars from the ADB and the World Bank for the purpose of connecting all the villages by roads. So, I would like to know whether he is proposing to link this scheme with the Jai Prakash Rozgar Guarantee Yojana so that more employment opportunities could be created for the poor people.

श्री शांता कुमार: उपसभापति महोदया, जय प्रकाश रोजगार गारंटी योजना के संबंध में वित्त मंत्री जी ने घोषणा की थी। उस के अनुसार इस योजना पर पूरा विचार-ब्यौरा तैयार करने के लिए एक टास्क फोर्स बनी। मैडम, टास्क फोर्स ने एक नवम्बर को अपनी रिपोर्ट दे दी है और उस रिपोर्ट पर मंत्रालय, सम्बद्ध मंत्रालयों से विचार-विमर्श कर रहा है। वह विचार-विमर्श पूरा होने के बाद मंत्रिमंडल की अनुमति लेकर इस योजना को प्रारंभ किया जाएगा।

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Madam, the hon. Minister had promised to implement this scheme within two months' time. So, my second supplementary is whether the hon. Minister is going to the Cabinet so that he could implement this scheme in time and keep his words. Secondly, In case, You get 1800 million dollars from the ADB and the World Bank for connecting the villages by roads, will you link the Jai Prakash Rozgar Guarantee Yojana with the scheme for connecting villages by roads?

श्री शांता कुमार: मैडम, फोर्स ने जो अपनी रिपोर्ट दी है, उस में 130 अति-गरीब जिलों का प्रारंभिक चयन किया गया है। इन जिलों का जो नंबर, वह उस प्रदेश का गरीबी के नीचे का जो परसेंटेज है, उस के हिसाब से किया गया है। प्रदेश में जिलों का आबंटन बिलो-पावर्टी लाइन के लोगों की संख्या के आधार पर किया गया है। इस में कुल मिलाकर लगभग 3 हजार करोड़ रुपयों की आवश्यकता होगी यदि इन 130 जिलों में, 1/3 प्रतिशत ब्लॉक्स को हम लेंगे। तो अभी टास्क फोर्स की रिपोर्ट आई है और इसे हम जल्दी लागू करना चाहते हैं, लेकिन सम्बद्ध मंत्रालयों से और वित्त मंत्रालय से धन के पूरे प्रावधान की व्यवस्था होने पर ही इस बारे में अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। मैडम, जहां तक सड़कों की बात है, वह एक अलग प्रश्न है। वैसे सड़कों के लिए धन लेने की कोशिश की जा रही है, लेकिन उसका इस प्रश्न के साथ कोई संबंध नहीं है।

SHRI JANARDHANA POOJARY: Madam, yesterday also, I had raised this point ...(*Interruptions*)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: No comments; please sit down ...(*Interruptions*)... Dr. Manmohan Singhji, you are the Leader of the Opposition, ...(*Interruptions*)... I want to bring to your notice ...(*Interruptions*)... Mr. Poojary, please sit down ...(*Interruptions*)... This is not the way ...(*Interruptions*)...

SHRI JANARDHANA POOJARY: Madam, it is our right.

THE DEPUTY CHAIRMAN: No; it is not your right ...(*Interruptions*)... Please sit down. ...(*Interruptions*)... Take your seat. ...(*Interruptions*)... No; I am not correcting anything. ...(*Interruptions*)... Behave properly.

...(*Interruptions*)... I said, behave properly in the House. ...(*Interruptions*)... Please sit down. ...(*Interruptions*)... No, I say, please sit down. ...(*Interruptions*)...

SHRI JANARDHANA POOJARY: No, I want to say that yesterday you did not allow ...(*Interruptions*)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am saying, sit down. ...(*Interruptions*)... Please sit down, otherwise, I will ask you to leave the House. ...(*Interruptions*)...

SHRI JANARDHANA POOJARY: I am behaving properly. ...(*Interruptions*)... Madam, earlier, you had given a ruling. ...(*Interruptions*)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: No; please sit down. ...(*Interruptions*)... If you can't behave properly with the Chair, I will ask you to leave the House. ...(*Interruptions*)... Please sit down. ...(*Interruptions*)... You don't even listen to your leaders. ...(*Interruptions*)... Please sit down. ...(*Interruptions*)... Not only are you disobeying the Chair, but you are disobeying your own leaders also, ...(*Interruptions*)... and you are bringing shame to the House. ...(*Interruptions*)... I will bring you before the Committee. ...(*Interruptions*)... Why do you create such rumpus everyday? ...(*Interruptions*)... During Question Hour, you cannot put these questions. ...(*Interruptions*)... Shri Motilal Vora.

SHRI JANARDHANA POOJARY: Madam, I am quoting the rule. ...(*Interruptions*)... You did not answer my question.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Don't show me rules, I know them better than you. ...(*Interruptions*)...

श्री मोती लाल वोरा: उपसभापति महोदया, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जो 130 जिलों का चयन उन्होंने किया है, वह कौन-कौन से प्रांत हैं जिनमें आपने इन 130 जिलों का चयन किया है? और, क्या माननीय मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि इस जय प्रकाश योजना की शुरुआत क्या सन् 2004 तक हो जाएगी?

श्री शांता कुमार: महोदया, अभी तो टास्क फोर्स का प्रस्ताव है, जिलों का चयन अंतिम नहीं है। जो प्रस्ताव है, उसके मुताबिक हर प्रदेश में कम से कम एक जिला जरूर हो यह तय किया गया है और उस प्रदेश में कितने जिले लिए जाएं, उसके लिए पावर्टी का जो रेशो है उसके हिसाब से जिलों का आबंटन किया गया है। जिलों का आइडेंटिफिकेशन उस जिले में बिलों पावर्टी लाइन के

कितने लोग हैं उनके प्रतिशत के आधार पर रखा है, लेकिन यह केवल प्रस्ताव है, अंतिम निर्णय अभी नहीं है।

**श्री मोती लाल वोरा:** माननीय उपसभापति जी, मैंने अपने प्रश्न में यह पूछा है कि आखिर वह कौन-कौन से प्रांत हैं, जिसमें आपने 130 जिले निर्धारित किए हैं? सीधा सा सवाल है। इसकी जानकारी देने की कृपा करेंगे।

**श्री शांता कुमार:** महोदया, इसमें सभी प्रदेशों में एक जिला अवश्य है। बाकी उस प्रदेश की गरीबी की रेखा का जो परसेंटेज है उसके मुताबिक जिलों का एलोकेशन नंबर ऑफ डिस्ट्रिक्ट एलोकेट किए हैं। अब डिस्ट्रिक्ट आइडेंटिफिकेशन That is according to the number of people Below the Poverty Line in that particular district. लेकिन यह सारा प्रस्ताव है। इसलिए कह रहा हूं कि इस प्रस्ताव को अंतिम होने दीजिए और तभी हम सारी बात रख सकते हैं।

उपसभापति: अगर आपके पास कोई डिटेल हो तो आप टेबल पर रख दीजिए।

DR. MANMOHAN SINGH: Madam, from the answer that the hon. Minister has given; we understand that this Scheme was announced in the Budget of the currnet year, that is, in February, 2002. Ten months' have passed, and, yet, we do not know what type of scheme the Government have in mind. This is a classic instance where schemes are mentioned without elaborate work having been done. In this context, I would like to know from the hon. Minister, how different this Scheme will be from the Employment Assurance Scheme, which, roughly, has the same objectives as the proposed Jai Prakash Rozgar Guarantee Scheme?

**श्री शांता कुमार:** महोदया, एक तो इस योजना में जो अत्यंत गरीब क्षेत्र हैं उनको आइडेंटिफाई करके लेने का प्रावधान है और दूसरे इस योजना का विशेष पहलू है गारंटी, कि यदि कोई गरीब व्यक्ति आकर यह कहता है कि मैं हाथ से काम करने को तैयार हूं तो उसको पन्द्रह दिन के अंदर-अंदर काम दिया जाए और यदि पन्द्रह दिन के अंदर उसको काम न दिया जाए तो कुछ न कुछ बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। इस दृष्टि से यह स्कीम अन्य स्कीमों से बिल्कुल अलग है। बाकी माननीय सदस्य ने जो कहा, यह बात ठीक है कि इसमें विलंब हुआ है, लेकिन विलंब का कारण यह है कि सारी योजना पर नए ढंग से टास्क-फोर्स को विचार करना था और इसमें धन का प्रावधान 3000 करोड़ रुपए करना है, दूसरा इसमें यह है कि इसमें जो अभी जिलों को चुनने का प्रस्ताव है, वह राज्यों को भेजा है और सभी राज्यों से कन्फरमेशन अभी आई नहीं है। तो इसकी सभी औपचारिकताओं का काम है, नए ढंग की योजना है। इसमें 3000 करोड़ रुपए का खर्च होना है, जिस पर सभी मंत्रालयों से विचार करके ही इस पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है।

PROF. M. SHANKARALINGAM: Madam, this Scheme has already been delayed so much that it cannot be included in the current financial year. If the State Governments are asked to identify the districts, then, it will be much easier.

THE DEPUTY CHAIRMAN: That is what the hon. Minister just said. He has already answered this question.

श्री दत्ता मेघे: उपसभापति महोदया, महाराष्ट्र में बैंक गारंटी योजना बहुत सालों से चल रही है और यह बहुत अच्छी योजना है। इस योजना में जो भी काम मांगता है, उसको काम दिया जाता है। अभी इसमें 3,000 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है और महाराष्ट्र के अंदर जो काम करता है, सरकार उसको रोज़गार का पैसा तो देती ही है, उसके साथ ही साथ इस योजना में उसको कुछ अनाज देने की भी योजना थी। मेरा कहना है कि केन्द्र सरकार को महाराष्ट्र सरकार की इस योजना का थोड़ा अध्ययन करना चाहिए, इससे आपको काफी सुविधा होगी और आप इस योजना को जल्दी से जल्दी लागू कर पाएंगे। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या आप महाराष्ट्र सरकार की इस योजना का अध्ययन करके इसमें रोजगार और पैसे के साथ-साथ कुछ अनाज देने की भी व्यवस्था करेंगे और जो रिपोर्ट आई है क्या उसमें कहा गया है कि जो काम करता है उसको पैसे के साथ-साथ थोड़ा अनाज भी आप दें? क्या अगले दो-तीन महीने में और आने वाले बजट सत्र में इस योजना को लागू करने का मंत्री जी का विचार है? मैं एक बार पुन: मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि आप महाराष्ट्र सरकार की योजना का भी थोड़ा अध्ययन करें, इससे आपको काफी सुविधा होगी।

श्री शांता कुमार: उस योजना पर भी विचार खास तौर से किया गया था। बाकी आपका सुझाव सराहनीय है।

श्री दत्ता मेघे: जो रिपोर्ट आई है, क्या उसमें रोजगार के साथ कोई अनाज देने की भी योजना है?

उपसभापति: आप अपना सजेशन लिखकर दे दीजिएगा। कवेश्चन नम्बर 224.

## Deportation of Abu Salem to India

*224. SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY:†
DR. PRABHA THAKUR:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether the underworld don, Abu Salem has been recently detained in Lisbon;

†The question was actually asked on the floor of the House by Shri Ravula Chandra Sekar Reddy, M.P.